# होश उड़ा देंगे दिव्यांका त्रिपाठी के लेटेस्ट फोटोज

टीवी के फेमस शो ये हैं मोहब्बतें की इशी मां यानी दिव्यांका त्रिपाठी सही मायने में



एक स्टार हैं। चाहें पर्दे पर ऐक्टिंग हो या सोशल मीडिया दोनों पर वह बराबरी से राज करती हैं। शायद इसीलिए उनकी इतनी फैन-फॉलोइंग है और उनके चाहने वाले उनकी एक झलक के लिए बेचैन रहते हैं। इस बार दिव्यांका ने जो फोटोज पोस्ट किए हैं, उन्हें देखकर किसी की भी सांसें रुक सकती हैं।

पपीज के साथ खेल रहीं दिव्यांका ब्लैक ऐंड वाइट ड्रेस में बेहद क्यूट लग रही हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने बटरफ्लाई प्रिंट में शॉर्ट ड्रेस में फोटो पोस्ट किए थे। उनके ये फोटोज बेहद पसंद किए जा रहे हैं और दिव्यांका ने साबित कर दिया है कि वह जितनी स्वीट हैं उतनी ही बोल्ड भी।

सोशल मीडिया चीन दिव्यांका ने दिव्यांका ने 7 दिसंबर को भी एक यूनीक फोटो पोस्ट की थी। इसमें उन्होंने 20वीं सदी के हिसाब से खुद को ड्रेस किया। उन्होंने पुराने फैशन को फिर से जिंदा करने के लिए अपने फैंस से अपील भी की।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# कुल्फी कुमार बाजेवाला में हुई प्रियमवदा कांत एंट्री, आएगा ट्विस्ट

टीवी के पॉप्युलर शोज़ में से एक कुल्फी कुमार बाजेवाला में एक नई एंट्री होने जा रही है, जिसके बाद कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलेगा। इस शो में एक्ट्रेस प्रियमवदा कांत एंट्री ले रही हैं। प्रियमवदा शो में अपने रोल को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उनका कहना है कि यह बहुत ही खास रोल है।

बता दें कि शो में फिलहाल सिकंदर (मोहित मलिक) और लवली (अंजलि आनंद) का तलाक होने वाला है, जबकि उनके दोनो बच्चे, कुल्फी और अमायरा दोनों को मिलाने की कोशिश में लगे हैं। शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए प्रियमवदा ने कहा, कुल्फी कुमार बाजेवाला में आकर मैं बहुत खुश हूं। मेरा पहला शो ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर था और मैं चाहती थी कि मेरा अगला रोल कुछ अलग हो। जब यह रोल मेरे पास आया तो मुझे लगा है कि मैं असल ज़िंदगी में भी इसी किरदार की तरह हूं।

कुल्फी कुमार बाजेवाला में कुल्फी का लीड किरदार चाइल्ड आर्टिस्ट आकृति शर्मा और अमायरा का किरदार मायरा सिंह निभा रही हैं। दोनों की ऐक्टिंग को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। कुल्फी यानी आकृति शर्मा की फैन फॉलोइंग में तो काफी इजाफा हुआ है। वहीं प्रियमवदा इससे पहले टीवी शो तेनाली राम दिख चुकी हैं। अब देखना यह होगा कि कुल्फी कुमार बाजेवाला में उनका किरदार का बड़ा ट्विस्ट लेकर आता है।

# मणिकर्णिका के पहले दिन के शूट में ही मुझे 20 टांके लग गए थे: कंगना रनौत

कड़ी मेहनत और लंबे इंतजार के बाद रानी लक्ष्मी बाई की जिंदगी पर बेस्ड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका: द चीन ऑफ झांसी का ट्रेलर आज मुंबई में लॉन्च कर दिया गया। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान कंगना सहित पूरी टीम मौजूद थी। इस मौके पर कंगना ने फिल्म से जुड़ी तमाम बातों को शेयर किया। कंगना कहती हैं कि झांसी की रानी की कहानी को पहले भी कई लोगों ने परदे पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। यह सब दैवीय शक्ति जैसा है, जो खून मांगती है। पहले दिन की शूटिंग के दौरान ही कंगना के चेहरे पर गहरी चोट लग गई थी।

फिल्म के डायरेक्टर कृष ने फिल्म को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया था, इस पर निर्माता कमल जैन कहते हैं, डायरेक्टर फिल्म को बीच में छोड़ कर नहीं गए, उनके पहले से कुछ और कमिटमेंट थे, जिसकी वजह से वह फिल्म छोड़कर चले गए थे। हमारे पास भी टाइम नहीं था, जब एडिट में फिल्म आई तो हमें लगा यह रानी लक्ष्मी बाई की कहानी है, इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ सकते हैं। इसलिए हमने फिल्म के कई हिस्सों को दोबारा शूट करने के फैसला किया।

कंगना ने कहा, मैं इस फिल्म के क्रिएटिव यानी लेखकों को पूरा क्रेडिट देना चाहती हूं। हमारी फिल्म की स्क्रिप्ट कभी भी नहीं बदली, जो स्क्रिप्ट थी हमने उसी हिसाब से फिल्म को पूरा शूट किया है। फिल्म का 60 से 70न्न हिस्सा मैंने शूट किया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी के विज़न का क्रेडिट खुद ले लूं, मेरे पास अपना विज़न है। यह मुश्किल था, किसी और के विज़न को अपना बना कर काम को आगे बढ़ाना।



कंगना बताती हैं, रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर पहले भी कई बार, कई लोगों ने फिल्म बनाने की कोशिश की है। मुझे लगता है कोई दैवीय शक्ति है, जो खून मांगती है। फिल्म की पहले दिन की शूटिंग के दौरान ही मेरे साथी निहार पांड्या ने मेरे सर पर तलवार दे मारी थी और मुझे 20 टांके लगे थे। इतना ज्यादा खून निकला था कि पूरा चेहरा लाल हो गया था, खून से आंखें भी तरबतर हो गई थीं, मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। मेरी आइब्रो के बीच में इतनी गहरी चोट आई थी कि पूरी हड्डी तक दिखने लगी थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत हादसे होते थे।

कंगना आगे कहती हैं, घोड़े से लोगों का गिरना और चोटिल होना बहुत नार्मल हो गया था। देखिए ऐसा भी कभी नहीं होता कि फिल्म आधी शूट हुई है और डायरेक्टर निकल गए हो। इन हादसों के कारण हम सब सोचते थे कि अब क्या किया जाए। इसी बीच प्रसून जोशी ने हम सबका हौसला बढ़ाया, जबकि इतनी परेशानियों के बाद हम हारने लगे थे।

फिल्म में अपने निर्देशन के बारे में कंगना कहती हैं, मैंने हमेशा से कहा है कि मुझे फिल्म के सेट पर एक टेक्निशन की तरह काम करना बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। कोई और ऐक्टर अपनी वैनिटी से बाहर निकल कर धूप में काम नहीं करना चाहता, लेकिन मैं खुद नहीं जानती कि मैं ऑन सेट तकनीकी कामों में भला क्यों सहजता महसूस करती हूं। मुझे सबसे ज्यादा पसंद है निर्देशन करना, बहुत मजा आता है, उम्मीद करती हूं मुझे डायरेक्शन करने का मौका आगे भी मिलेगा। डायरेक्शन मेरा पहला प्यार है।

कंगना की मणिकर्णिका: द चीन ऑफ झांसी गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले 25 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अंकिता लोखंडे, अतुल कुलकर्णी, सुरेश ओबेरॉय, डैनी डेन्जोंगपा, जिस्शू सेनगुप्ता, कुलभूषण खरबंदा सहित कई और चेहरे भी नजर आएंगे।

फिल्म का निर्देशन कंगना रनौत और कृष ने मिलकर किया है। फिल्म के गीत लिखे हैं प्रसून जोशी ने और इसे संगीत से सजाया है शंकर एहसान लॉय की तिकड़ी ने।

फिल्म का नरेशन अमिताभ बच्चन की आवाज में हैं।